उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 11.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 11.06.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।








## जनपद महोबा की थाना कबरई पुलिस टीम ने अवैध बन्दूक के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 11.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उ0नि0 अंकित कुमार यादव मय हमराह हे0कां0 अरविन्द कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त चन्द्रभान उर्फ चंदू पुत्र भूरा यादव उर्फ मइयादीन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बिन्द्रावन दुर्जन खोड़ा मजरे मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद बंदूक देशी 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम मकबरई थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 169/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 अंकित कुमार यादव
2. हे0कां0 अरविन्द कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

चन्द्रभान उर्फ चंदू पुत्र भूरा यादव उर्फ मइयादीन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बिन्द्रावन दुर्जन खोड़ा मजरे मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 11.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023: चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ ले जाने हेतु ड्यूटी में नामित पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग संपन्न-

आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 15 जून 2025 को लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने हेतु भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत आज दिनांक- 11.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा इस कार्यक्रम में जनपद महोबा से चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ ले जाने के लिए ड्यूटी में नामित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग पुलिस लाइन, महोबा स्थित सभागार कक्ष में की गई एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**ब्रीफिंग के प्रमुख बिंदु:**

कार्यक्रम की रूपरेखा, यात्रा की समय-सारणी, आवास एवं भोजन व्यवस्था, सुरक्षा मानकों सहित आवश्यक दिशा-निर्देशों से सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया। नामित अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके-उनके विशिष्ट दायित्व सौंपे गए, ताकि प्रतिभागी अभ्यर्थियों को लखनऊ तक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से पहुंचाया जा सके। जनपद महोबा पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित कराया जायेगा कि चयनित अभ्यर्थियों को हर स्तर पर आवश्यक सुविधाएं एवं सहयोग उपलब्ध करायी जाए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महोबा पुलिस का बेहतर प्रदर्शन, 79 प्रतिशत मिले अंक, प्रदेश में आया पंचम स्थान-



जनपद महोबा पुलिस ने मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित सीएम-डैशबोर्ड पर मई-2025 के लिए कानून व्यवस्था में प्रदेश भर में पंचम स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। पहले स्थान पर जनपद रामपुर है।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद पुलिस ने एक बार फिर अपनी दक्षता साबित करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित सीएम-डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था के मानकों पर आधारित रैंकिंग में मई-2025 के लिए प्रदेश भर में पंचम स्थान प्राप्त किया है। जनपद पुलिस ने विभिन्न पोर्टलों की सेवाओं में उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता से कार्य किया। शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार, पुलिस विभाग की योजनाओं, परियोजनाओं और सेवाओं की समीक्षा करते हुए पुलिस ने सीएम-डैशबोर्ड पर आने वाली चुनौतियों को प्रभावी ढंग से दूर किया। पुलिस के इस शानदार प्रदर्शन पर उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा की गई और विभाग के सभी अधिकारियों और थाना प्रभारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

### इन बिंदुओं पर तय होती है रैंकिंग-

गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही, गैंगस्टर अधिनियम की लंबित विवेचना, गुंडा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, गिरफ्तारी आत्मसमर्पण, गोवध निवारण अधिनियम, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध (गंभीर चोट), अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध (बलात्कार), अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, जघन्य अपराधों में लंबित विवेचना समेत कुल 51 बिंदु शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 11.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 11.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित उ0नि0 सनय कुमार मय हमराह कां0 धर्मेन्द्र व कां0 राजू राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त सचिन यादव पुत्र करन यादव उम्र 22 वर्ष निवासी भीतरिया थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0 जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम मामना थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय में मु0अ0सं0 252/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सचिन यादव पुत्र करन यादव उम्र 22 वर्ष निवासी भीतरिया थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सनय कुमार चौकी इन्चार्ज मनियादेव
2. कां0 धर्मेन्द्र कुमार
3. कां0 राजू राठौर




@MahobaPolice